
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 266 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 29 जनवरी 2022

**विचार-प्रवाह...**कड़ी कार्रवाई करने की मांग





मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 7.0° | 39243.39

2 चीन ने खेल दिया बड़ा गेम

7 भारतीय क्रिकेट हो जाएगा 'रीढ़हीन

# कांग्रेस एक विफल सरकार: शाह

## अमित शाह ने उत्तराखंड में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज उत्तराखंड के दौरे पर हैं। उत्तराखंड में भारतीय जनता के सामने सत्ता बचाने की चुनौती है। इस पहाड़ी राज्य में कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनावी जंग है। भाजपा यहां भी देशभर में किए गए अपने विकास कार्यों का प्रचार कर जनता से वोट देने की अपील कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार आत्मानिर्भर भारत की दिशा में देश के भीतर सेना के आधुनिकीकरण और हथियार बनाने की दिशा में काम कर रही है।

**जनरल बिपिन रावत को किया याद:** जनरल बिपिन रावत को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैं जब जनरल बिपिन रावत जी को अंतिम श्रद्धांजलि देने गया था, तो उनके घर में वीरता और हौसले का माहौल देखकर हैरान था। किसी के मन में किसी भी तरह की ग्लानि नहीं थी, सबके मन में यही भाव था कि जनरल साहब देश के लिए काम करते-करते शहीद हुए हैं।



**गुणवत्ता से समझौता नहीं:** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा देश की सुरक्षा में बदलाव के लिए प्रतिबद्ध है और पीएम मोदी ने वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की है, जो पार्टी की प्राथमिकता को दर्शाती है। रक्षा क्षेत्र में भाजपा द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शाह ने कहा कि भाजपा ने ड्यूटी पर तैनात लोगों को आधुनिक रक्षा सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कार्यक्रमों को लागू किया है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि गुणवत्ता से समझौता न हो।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उन्हें विफल सरकार के रूप में जाना जाता है। वहीं, भाजपा को डबल इंजन सरकार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने आगे आश्वासन दिया कि भाजपा को राज्य में सत्ता में वोट दिया गया है, वे यह सुनिश्चित करेंगे कि युवाओं को राज्य से बाहर पलायन करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे पहले दिन में शाह ने रुद्रप्रयाग में घर-घर जाकर प्रचार किया। उन्होंने रुद्रप्रयाग के बाबा रुद्रनाथ मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।

### भाजपा सरकार में डबल हुआ देश का रक्षा बजट

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने जो 70 सालों में नहीं किया था, भाजपा ने वो पिछले 7 सालों में कर दिखाया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में पूर्व सैन्यकर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, मोदी सरकार द्वारा सेना के आधुनिकीकरण और देश को हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई काम किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा रक्षा बजट जो 2013-14 में 2 लाख करोड़ रुपये था, वो बढ़ाकर 2021-22 में 4.78 करोड़ रुपये हो गया है।

### पांच साल में 3 मुख्यमंत्री

उत्तराखंड में भाजपा-कांग्रेस समेत राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इन सबके बीच टिकट न मिलने से नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष भी तेज हो गया है। कई ने बगावत कर दी है तो कई को पार्टियां मनाने में जुटी हुई हैं। बता दें कि 70 सदस्यीय उत्तराखंड विधानसभा के चुनाव के लिए 14 फरवरी को मतदान होना है। मतगणना 10 मार्च को होगी। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कुल 57 सीटें, कांग्रेस को 11 व निर्दलीय को 2 सीटें प्राप्त हुई थीं। लेकिन पूर्ण बहुमत होने के बावजूद भाजपा ने बीते पांच सालों में राज्य में कई मुख्यमंत्री बदले। वर्तमान विधानसभा में त्रिवेंद्र सिंह रावत व तीरथ सिंह रावत के बाद पुष्कर सिंह धामी भाजपा सरकार के तीसरे मुख्यमंत्री हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम येदियुरप्पा की पोती ने लगाया फंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा की पोती सौंदर्या शुक्रवार सुबह बेंगलुरु में अपने निजी घर पर पंखे से लटकी हुई पाई गई हैं। सूत्रों के अनुसार सुबह 10 बजे घटना की जानकारी मिली। अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लाइट हेलीकाप्टर एमके-।।। आईएनएस उत्क्रोश में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश की समुद्री सुरक्षा के मद्देनजर एक और मजबूत कदम उठाया गया है। स्वदेशी तकनीक से बनाए गए लाइट हेलीकाप्टर एमके-111 को औपचारिक रूप से आईएनएस उत्क्रोश पर शामिल किया गया है। हेलीकाप्टर को अंडमान और निकोबार कमांड के कमांडर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह द्वारा पोर्ट ब्लेयर में शुक्रवार को औपचारिक रूप से शामिल किया गया।

# आरक्षण के लिए नहीं बनाया जा सकता नया पैमाना

## सुप्रीम कोर्ट का मानकों में हस्तक्षेप से इनकार, 24 फरवरी को अगली सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को प्रमोशन में आरक्षण को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राज्यों को आंकड़े जुटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि एससी/एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण दिए जाने से पहले राज्यों को डेटा इकट्ठा करना चाहिए।

कोर्ट ने आगे कहा कि पीठ के फैसले के बाद आरक्षण के लिए नया पैमाना नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने ये भी कहा कि प्रतिनिधित्व के बारे में एक तय अवधि में समीक्षा होनी चाहिए। समीक्षा की अवधि क्या होगी कोर्ट ने इसे केंद्र पर छोड़ दिया है। जस्टिस एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मामले की सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

बता दें कि शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे को लेकर 26 अक्टूबर, 2021 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्र ने पहले पीठ से कहा था कि लगभग 75 वर्षों के बाद भी एससी और एसटी के लोगों को अगड़ी जातियों के समान योग्यता के स्तर पर नहीं लाया गया है।

पिछली सुनवाई में पीठ ने ये भी कहा था कि वह अपने फैसले को फिर से नहीं खोलेगी। कोर्ट ने इसको लागू करने के फैसले को राज्यों पर छोड़ दिया था। कोर्ट ने कई सवाल पूछा था कि इतने दिनों तक सरकारी नौकरियों में ये व्यवस्था क्यों लंबित रखी गई?

### हम कोई मानदंड नहीं निर्धारित कर सकते

जस्टिस एल नागेश्वर राव, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हमने माना है कि हम प्रतिनिधित्व की अपर्याप्तता को निर्धारित करने के लिए कोई मानदंड निर्धारित नहीं कर सकते। एक निश्चित अवधि के बाद प्रतिनिधित्व की अपर्याप्तता के आकलन के अलावा मात्रात्मक डेटा का संग्रह अनिवार्य है। यह समीक्षा अवधि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कैडर आधारित रिक्तियों के आधार पर आरक्षण पर डेटा एकत्र किया जाना चाहिए। राज्यों को आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से समीक्षा होनी चाहिए और केंद्र सरकार समीक्षा की अवधि निर्धारित करेगी।

# नशे से दूर रहें, भारत का भाग्य बदल सकते हैं युवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली को संबोधित किया। बता दें कि गणतंत्र दिवस समारोह में एनसीसी कैडट्स की परेड संपन्न होने के बाद हर साल 28 जनवरी को इस रैली का आयोजन किया जाता है।

पीएम मोदी ने कहा कि देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। जब युवा देश इस तरह के ऐतिहासिक उत्सव का साक्षी बनता है तो उसके उत्सव में अलग ही उत्साह दिखता है। ये उत्साह आज इस मैदान पर भी दिखता है। उन्होंने कहा कि ये भारत की उस युवा शक्ति के दर्शन हैं, जो हमारे संकल्पों को पूरा करेगी। अब देश की बेटियां सैनिक स्कूलों में एड्मिशन ले रही हैं। सेना में महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारियां मिल रही हैं। एयरफोर्स में देश की बेटियां फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं। ऐसे में हमारा प्रयास होना चाहिए कि एनसीसी में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियां शामिल हों।

**रैली**

■पीएम मोदी ने किया एनसीसी रैली को संबोधित

**आपको भारत को 2047 तक लेकर जाना है:** मोदी ने कहा कि आज इस समय जितने भी युवक-युवतियां NCC में हैं, NSS में हैं, उसमें से ज्यादातर इस शताब्दी में ही पैदा हुए हैं। आपको ही भारत को 2047 तक लेकर जाना है। इसलिए आपकी कोशिशें, आपके संकल्प, उन संकल्पों की सिद्धि, भारत की सिद्धि होगी, भारत की सफलता होगी।

पीएम ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए आगे कहा कि जिस देश का युवा, राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ने लगता है, उसे दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। आज खेल के मैदान में, भारत की सफलता भी इसका एक बड़ा उदाहरण है। सभी युवा, वोकल फोर लोकल के अभियान में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देश में तेजी से घट रहे हैं कोरोना के सक्रिय मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लगातार चौथे दिन ठीक होने वालों की संख्या नए मामलों से ज्यादा रही। इसके साथ सक्रिय मामलों में तेजी से कमी आ रही है। 24 घंटों में 96 हजार से अधिक सक्रिय मामले कम हुए हैं। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि तीसरी लहर उतार पर है।

### एक दिन में करीब 96 हजार मरीज हुए कम

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में 2,51,209 लोगों के कोरोना से संक्रमित होने से कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,06,22,709 हो गई है। इस दौरान 627 और लोगों की मौत से कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,92,327 हो गई है। वहीं सक्रिय मामले 96,861 घटकर 21,05,611 रह गए। इसके साथ ही ठीक होने की दर 93.60 प्रतिशत हो गई है। दैनिक पाजिटिविटी दर 15.88 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक पाजिटिविटी दर 17.47 प्रतिशत रही।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 3,80,24,771 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत दर्ज की गई।